के विचाराधीन है; (ii) इण्डियन एयरलाइंस वर्ष 1980 के मध्य तक दो एयर बसों तथा चार बोइंग 737 एयरक्राफ्ट की और 1981 में 4 और बोइंग 737 एयरक्राफ्ट की वृद्धि करके अपनी फ्लीट में बढ़ोतरी करेगी; (iii) पर्यटन विभाग ने होटल आवास की वर्तमान क्षमता में वृद्धि करने के लिये नई होटल परियोजनाओं को प्रोत्साहित किया है। सरकारी सेक्टर ने देश में पर्यटक महत्व के चुने हुए स्थानों पर परियोजनाओं का कार्यक्रम तयार किया है। वित्तीय राहतों, संगठनात्मक ऋणों के तौर पर वित्तीय सहायता, अनिवार्य आवश्यकताओं आदि के लिये प्राथमिकता देने के रुप में विभिन्न प्रोत्साहन देकर निजी सेक्टर को और अधिक होटल स्थापित करने के लिये भी प्रोत्साहित किया जाता है; और (iv) विभाग की परिवहन ऋण योजना के अधीन आसान ऋण शर्तों पर वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाती है ताकि अनुमोदित पर्यटक कार प्रचालक पर्यटकों की मांग को पूरा करने के लिये कारें/कोंचे खरीद सके। पर्यटक वाहनों की अपनी फ्लीट में वृद्धि करने के लिये अनुमोदित पर्यटक कार प्रचालकों तथा यात्रा अभिकर्ताओं के लिये आयातित सेकेण्ड हैण्ड कारों की व्यवस्था करने की भी विभाग की योजना है।

राजस्थान में आवश्यक वस्तुओं की वितरण प्रणाली

203. **श्री विरधी चन्द जैन**: क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान राज्य में आवश्यक वस्तुओं की वितरण प्रणाली संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) केन्द्र सरकार ने इस प्रणाली में कोई परिवर्तन और सुधार करने का विचार किया;

(ग) क्या केन्द्र सरकार ने वितरण प्रणाली में परिवर्तन तथा सुधार करने के प्रयोजन से राज्य सरकार को कोई निदेश भज हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार के निदेशों तथा सलाह को कहां तक स्वीकार किया है?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और इस्पात तथा खान मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी): (क) से (घ). सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

जैसलमेर का पर्यटन स्थल के रूप में विकास

204. **श्री विरधी चन्द जैन**: क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पर्यटन दृष्टिकोण से जैसलमेर जिले के मुख्यालय जैसलमेर शहर का विकास करने के लिये पर्यटन विभाग द्वारा अब तक कितनी राशि खर्च की गई है और इस बारे में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) जैसलमेर की यात्रा करने के लिये बड़ी संख्या में विदेशी और भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु पर्यटन विभाग द्वारा इस वर्ष दी जा रही विशेष सुविधायें क्या हैं;

(ग) इस बारे में आगामी पांच वर्षों की योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या विभाग ने जैसलमेर तक विभाग सेवाओं का विस्तार करने के लिये कोई कार्यवाही की है और यदि हां, तो उसकी प्रगति क्या है?

पर्यटन और नागर विमानन तथा श्रम मंत्री (श्री जं० बी० पटनायक): (क) पर्यटन विभाग ने 6,10,200 रुपए की लागत पर जैसलमेर में एक पर्यटक बगले का निर्माण किया है। बाद में, इसके विस्तार पर 1,14,000 रुपए की अतिरिक्त राशि खर्च की गई। 48 बड वाले इस पर्यटक बंगले की प्रबंध-व्यवस्था राजस्थान पर्यटन विकास निगम द्वारा की जा रही है।

(ख) और (ग) इस केन्द्र की यात्रा करने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षण करने हेतु इस वर्ष पर्यटन विभाग द्वारा जैसलमेर में कोई खास सुविधाए प्रदान नहीं की जा रहीं है। तथापि, भारत पर्यटन विकास निगम का अपनी पचवर्षीय योजना 1978--83 के अन्तर्गत जैसलमेर में एक यात्री-गृह के निर्माण का प्रस्ताव है।

(घ) इडियन एयरलाइन्स की, जैसलमेर तक विमान-सेवाओं का विस्तार करने की, फिलहाल, कोई योजनाए नहीं हैं।

लघु उद्योगों को उसके उत्पादों का निर्यात करने के लिए दी गई सुविधायें

205. **श्री मूल चन्द डागा**: क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति मंत्री यह** बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) लघु उद्योगों को उसके उत्पादों के निर्यात के लिये क्या सुविधायें दी गई हैं;

(ख) क्या सरकार **का विचार** निर्यात को बढ़ावा देने के लिये **वर्तमान** सुविधाओं में कोई परिवर्तन करने का है; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और इस्पात तथा खान मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी): (क) (i) लघु स्तरीय एककों के मामले में निर्यात सदन प्रमाण पत्र दिए जाने के लिए विहित निर्यातों